# एसआईआर : जिले में सिलवानी विस क्षेत्र अव्वल

## अब तक 28 .88 प्रतिशत मतदाताओं की डिजिटल मैपिंग



**बेगमगंज, 19 नवंबर. सिलवानी -बेगमगंज विधानसभा क्षेत्र 143 में वर्तमान में कुल मतदाता 234050 में से आज तक 28.88 प्रतिशत मतदाताओं की डिजिटल मैपिंग हो जाने से सिलवानी विधानसभा क्षेत्र जिले में अव्वल नम्बर पर है. वर्तमान में एसआईआर का कार्य 277 पोलिंग बूथ पर 277 बीएलओ एवं 28 बीएलओ सुपरवाइजर मतदाता सूची परीक्षण के लिए तैनात किए गए हैं. लेकिन फॉर्म में इतनी पेंचीदगी है कि मतदाताओं सहित बीएलओ भी परेशान हो रहे हैं.**

अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सौरभ मिश्रा एवं सहायक अधिकारी व तहसीलदार प्रमोद उइके के नेतृत्व में मतदाता विशेष परीक्षण सूची का कार्य जारी है.

जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों में अब तक सिलवानी विधानसभा क्षेत्र क्र. 143 में एसआईआर में सबसे ज्यादा 28.88 प्रतिशत में 65351 मतदाताओं की डिजिटल मैपिंग हो चुकी है. जबकि उदयपुरा 140 में 25.72 प्रतिशत में 69145 मतदाताओं की डिजिटल मैपिंग हुई , सांची 142 में 21.78 प्रतिशत में 59452 मतदाताओं की डिजिटल मैपिंग एवं सबसे कम भोजपुर 141 में 18.90 प्रतिशत कम हुआ है. जिसमें 50228 मतदाताओं की डिजिटल मैपिंग हुई है.

### विधानसभा क्षेत्र के टॉपटेन बीएलओ

सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के 277 बीएलओ की टॉप टेन सूची में 10 बीएलओ में बाबूलाल लोधी बूथ बरखुआ 93.05 प्रतिशत, प्रताप सिंह लोधी पहेरिया 79.26, अशोक कुमार शुक्ला बम्होरी वर्धा 78.56, प्रकाश बलैया झिरिया ता.चौका 78.34, ऋषिराज तिवारी कल्याणपुर 64.88, राजासिंह राजपूत सिहोरा जागीर 64.86, वीरसिंह ठाकुर भैंसा 63.6, रविन्द्र दुबे सगोनी गोसाईं 62.94, महेश तिवारी झिरिया बरामद गढ़ी 59.83 एवं सोनू दांगी फतेहपुर 59.05 रहे. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सौरभ मिश्रा एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमोद उइके एवं विधानसभा क्षेत्र वालिंटियर हेड अशोक शर्मा द्वारा विभाग बूथों पर पहुंचकर चल रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया गया.



# बीएलओ डिजिटाइजेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण करें

**▸ प्रभारी कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का लिया जायजा**

**रायसेन, 19 नवंबर. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है.**

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा द्वारा रायसेन नगर के वार्ड क्रमांक-12 सहित अन्य वार्डो के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्र में दर्ज मतदाताओं की संख्या, अभी तक मतदाताओं को वितरित किए गए तथा प्राप्त किए गए गणना पत्रक और उनके डिजिटाईजेशन की जानकारी ली.

निरीक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर शर्मा ने बीएलओ से मतदान केन्द्र में दर्ज मतदाताओं की संख्या, अभी तक मतदाताओं को वितरित किए गए गणना फार्म, मैपिंग एवं फॉर्मों का डिजिटलाइजेशन के कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने बीएलओ से कहा कि मतदाताओं को प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की परेशानी आने पर उसका निराकरण भी तत्काल सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि मतदाताओं से भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त करने के बाद डिजिटलाइजेशन का कार्य तेजी से किया जाए. प्रभारी कलेक्टर ने वार्ड में भ्रमण के दौरान मतदाताओं से भी एसआईआर के बारे में चर्चा की.



# युवा ऊर्जा, उत्साह और एकता का शानदार प्रदर्शन

## सिलवानी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**सिलवानी, 19 नवंबर. सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को सिलवानी नगर स्थित सांदीपनि विद्यालय प्रांगण में विविध खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा युवा नेता दुर्गेश राजपूत ने किया.**

राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की युवा शक्ति, ऊर्जा और एकता का उत्सव है. हमारे संसदीय क्षेत्र सांसद केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान ने इस महोत्सव के माध्यम से युवाओं को अपनी क्षमता और प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है. खेल हमें जीत-हार से अधिक अनुशासन, मेहनत और खेल भावना का महत्व सिखाते हैं. कार्यक्रम में सांदीपनि विद्यालय के बालक-बालिकाओं सहित नगर के युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कुर्सी दौड़, नींबू दौड़ तथा रस्साकसी जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बच्चों, महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया.

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, भाजपा नेता विभोर नायक, सांसद खेल महोत्सव के विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुशवाहा, पार्षदगण तथा नगर के अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे. प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों एवं प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.

### आसियान देशों के प्रतिनिधियों ने सांची का किया भ्रमण

**भोपाल.** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा आसियान देशों के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के लिए यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस यात्रा का उद्देश्य भारत और आसियान देशों के बीच सांस्कृतिक व पर्यटन सहयोग को और मजबूत बनाना था.

# कायमपुर गांव में तेंदुए का आतंक, ग्रामीणों में दहशत

**▸ दो दिन से लापता गाय जंगल में मृत मिली**


**सलामतपुर, 19 नवंबर. रायसेन जिले के सांची विकासखंड के ग्राम कायमपुर में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. ताजा मामला अनिल शर्मा की गाय का है, जो दो दिन पहले अचानक लापता हो गई थी. गाय मालिक लगातार उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह जंगल में मृत अवस्था में मिली.**

गाय के शरीर पर तेंदुए द्वारा खाए जाने के स्पष्ट निशान पाए गए. ग्रामीणों के अनुसार, यह पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी तेंदुआ ग्राम कायमपुर में उधम सिंह की गाय की बछिया, राजवीर की बछिया, और भूरा की बकरी एवं बछिया को अपना शिकार बना चुका है. लगातार हो रही घटनाओं से गांव में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों ने इन घटनाओं की जानकारी वन विभाग को दे दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. ग्रामीण वन विभाग से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि तेंदुए के आतंक से राहत मिल सके.

### ▸ तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर कर चुका हमला

पश्चिम वन क्षेत्र के ग्राम कायमपुर, नरखेड़ा, कुल्हाड़िया और सत्ती गांव सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं. गांव में तेंदुआ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है. पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर हमला कर चुका है. कुछ दिन पूर्व भी एक ग्रामीण के घर के पीछे बंधे गाय के बछड़े पर तेंदुए ने हमला किया था. यह घटना रात करीब 2 बजे की थी. तेंदुए के हमले से बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था और जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए उसकी मौत हो गई थी. बताया कि एक साल पहले भी उनके एक अन्य बछड़े को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है.

## एक नजर में



### मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण में मतदाता करें सहयोग

**सिलवानी.** निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं. बुधवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने सभी मतदाताओं से अपील की कि शुद्ध निर्वाचक नामावली और मज़बूत लोकतंत्र के लिए चल रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें. उन्होंने कहा है कि मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र का वितरण शुरू हो चुका है. बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं. प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस दें. किसी कारण बस यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है. जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राट वोटर लिस्ट में सम्मलित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी मतदाता समय पर भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि बाकी नाम सूची से छूटे नहीं. जिसमें ईआरओ कार्यालय द्वारा 9 दिसंबर के बाद नोटिस जारी कर सत्यापन किया जाएगा. सत्यापन के लिए मतदाता को यह प्रमाण देना होगा कि वह भारत का नागरिक है. इसके लिए कोई वैध दस्तावेज़ जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल आदि प्रस्तुत किया जा सकता है.

### बेघर लोगों को वितरित किए कंबल

**उदयपुरा.** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विगत दिनों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एनआरसी में कुपोषित बच्चों को पोषण आहार किट वितरित किए गए. मंगलवार रात्रि में रात्रि ठंड से ठिठुरते लोगों के लिए कंबल वितरित किए गए. समर्पण परिवार के सदस्यों ने नर्मदा तट, बोराश, झिकोली, निवावर, आदि स्थानों पर परिक्रमा वासियों सहित जरूरतमंद लोगों को कबंल प्रदान किए एवं नगर उदयपुरा में भी ,ब्लॉक कॉलोनी ,गांधी चबूतरा ,यात्री प्रतीक्षालय नया बस स्टैंड परिसर में कंबल प्रदान किए .समर्पण परिवार के सदस्यों में, राहुल रघुवंशी, श्याम नेमा, ज्ञानेश सोनी, जितेंद्र शर्मा, जितेंद्र मेहरा गजेंद्र रघु ,देवेंद्र पटेल ,सचिन जैन, उपेंद्र रघु ,निलेश रघु ,प्रदीप साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे.




# अधिक चढ़ाई अंधा मोड़ से घाटी में हो रहे हादसे

## बालमपुर घाटी में नहीं है सुरक्षा के इंतजाम, एक साल में सौ से अधिक हादसे

**सलामतपुर, 19 नवंबर. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित बालमपुर घाटी को अब हादसों की घाटी भी कहा जाने लगा है, क्योंकि यहां पर आए दिन ट्रक रिवर्स होकर या टकराकर खाई में गिरते रहते हैं। घाटी पर दुर्घटनाएं होने का कारण अधिक चढ़ाई और अंधा मोड़ होना बताया जा रहा है। जिसकी वजह से बालमपुर घाटी पर आए दिन ऐसे हादसे होते हैं, जिससे स्थानीय लोग लगातार सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं.**

लेकिन ज़िम्मेदार एमपी आरडीसी विभाग यहां पर सुरक्षा के कोई खास इंतज़ाम नहीं कर रहा है.



ट्रक ड्राइवरों ने कहा है कि अगर शीघ्र ही इस और ध्यान नहीं दिया तो उनके द्वारा आंदोलन किया जाएगा.

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर भी सप्ताह में एक दो हादसे हो रहे हैं जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं. और कई लोग घायल भी हो चुके हैं. फिर भी बालमपुर घाटी पर ज़िम्मेदार अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई सुरक्षित उपाय नही किये जा रहे हैं. जिसकी वजह से आए दिन बालमपुर घाटी पर सड़क दुर्घटनाओं में वाहन चालक अपनी जान गंवा रहे हैं.

कुछ माह पहले हो रहे हादसों को रोकने के लिए एमपीआरडीसी ने टूटी हुई रेलिंग की जगह सीमेंट की बोरियां भरकर उसमें रेडियम लगवा दिए थे. ताकि सड़क हादसे रोके जा सकें. जिससे की रात के वक्त वाहन चालकों को घाटी पर अंधे मोड़ की सूचना पहले मिल सके. लेकिन यह बोरियां भी 1 महीने के अंदर ही छतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई थी. क्योंकि कुछ समय पूर्व बालमपुर की घाटी पर लोहे की रेलिंग भी लगाई गई थी.

# महादेव जी का प्रकटोत्सव व शिव अभिषेक आज

**सीहोरा धाम में होगा आयोजन**

**रायसेन, 19 नवंबर. रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील में आने वाले सीहोरा धाम में श्री गेलपुरवासी महादेव जी का प्रकटउत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा. 20 नवम्बर दिन गुरुवार अमावस्या के दिन राम रसिया सीहोरा धाम गेलपुर में शिव जी का प्रकट उत्सव जाएगा. इस अवसर पर शिवजी का जल अभिषेक के साथ अन्य धार्मिक आयोजन एवं प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन रखा गया है. यह विशेष तिथि, जो कि अमावस्या के शुभ संयोग में पड़ रही है, उत्सव को और भी अधिक पवित्र बना रही है.**

श्री गेलपुरवासी महादेव की यह अलौकिक उपस्थिति वर्ष 1984 में इसी पावन धाम में हुई



थी. तब से लेकर आज तक, प्रत्येक वर्ष इस दिन को आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है. यह महोत्सव न केवल भगवान शिव के प्रति भक्तों की अटूट आस्था को दर्शाता है, बल्कि यह क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है. 42 वर्षों की यह यात्रा सिहोरा खुर्द धाम के महत्व और पूजनीयता को प्रमाणित करती है.

अभिषेक के पश्चात, सभी उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओं और भक्तों के लिए विशाल महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है. महाप्रसादी में सम्मिलित होने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के पधारने की संभावना है. यह कार्यक्रम सामूहिक भक्ति और समाज में प्रेम तथा सौहार्द को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा. यह महोत्सव न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह सामाजिक एकता और श्रद्धा के प्रदर्शन का भी एक सुंदर माध्यम है.

# रस्साकसी, कुर्सी दौड़ में महिलाओं ने दिखाया दम

**▸ ग्राम सुनारी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन**

**सलामतपुर, 19 नवंबर. सांची जनपद के ग्राम पंचायत सुनारी सलामतपुर में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में खेलों का आयोजन किया गया. इनमें स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया.चम्मच दौड़ में विनय मीणा प्रथम, सुनील वंशकार द्वितीय, संदीप चौधरी तृतीय, बालिका वर्ग में अंजली शर्मा प्रथम, चंचल शर्मा द्वितीय और निशा रघुवंशी तीसरे नम्बर पर रहीं.**

वहीं रस्साकसी में विनय मीणा, शैलेन्द्र चिराढ़, आंनद कुशवाह, सोनू लोधी, सुनील वंशकार, अरुण सिंह चौहान





बालिका टीम में कंचन शाक्या, दीक्षा शाक्या, राखी यादव, सपना यादव और वैष्णवी यादव शामिल थीं. और नींबू दौड़ में संजय अहिरवार, जयंत वंशकार,नीलेश विश्वकर्मा शामिल थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि शेर सिंह राजपूत ने की इस दौरान दिलीप मालवीय जनपद सदस्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, प्राचार्य अक्षय गोयल, शिक्षक वहीद मंसूरी, संजीव यादव, पंकज तोमर, सचिव नज़र मोहम्मद, रोजगार सहायक ओमप्रकाश, अरुण चौहान मौजूद रहें. सभी विजेता और उपविजेताओं को निर्णायक कमेटी के द्वारा नगद पुरुष्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, महिलाएं और स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे.

**लापरवाही** ▸ खिड़कियों के शीशे टूट चुके, बाथरूम भी क्षतिग्रस्त

# 85 लाख से बना इनडोर स्टेडियम उपेक्षा का शिकार

**सिलवानी, 19 नवंबर. 85 लाख रुपए की लागत से निर्मित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी इनडोर स्टेडियम इन दिनों बदहाली और उपेक्षा का शिकार बना हुआ है. खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए इस स्टेडियम में अब तक 5 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर एवं 10 खिलाड़ी राज्य स्तर के टूर्नामेंट में अपना कौशल दिखा चुके हैं. इसके बावजूद स्टेडियम की हालत चिंताजनक होती जा रही है.**




**प्रशिक्षित खेल शिक्षक का अभाव:** स्टेडियम के संचालन में सबसे बड़ी कमी प्रशिक्षित खेल शिक्षकों और सुरक्षा कर्मियों की है. वर्तमान में यहां किसी भी प्रकार की आधिकारिक निगरानी नहीं है. न तो कोई कोच मौजूद है और न ही किसी सुरक्षा कर्मचारी की नियुक्ति की गई है. नतीजतन स्टेडियम परिसर में अव्यवस्था फैलती जा रही है. लापरवाही का परिणाम यह है कि स्टेडियम की कई खिड़कियों के शीशे टूट चुके हैं और खिलाड़ियों के उपयोग में आने वाले बाथरूम भी काफी क्षतिग्रस्त हो चुके हैं. इन सुविधाओं की मरम्मत न होने से खिलाड़ियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.

**इनका कहना...**

हम कम्युनिटी हॉल के संबंध में परिषद की बैठक रखेंगे. बैठक में सभी सुरक्षा संबंधी चर्चा की जाएगी. जो भी सुरक्षा उपकरण लगेंगे उन्हें लगवाया जाएगा.

**ऋषिकांत यादव,** सीएमओ

### ▸ बैडमिंटन कोर्ट भी उपेक्षित

स्टेडियम में लगभग दो लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया बैडमिंटन कोर्ट भी उपेक्षा का शिकार है. बिना देखरेख के कारण इसकी गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे खिलाड़ी सही प्रशिक्षण भी नहीं ले पा रहे हैं. स्टेडियम परिसर में सुरक्षा कैमरों की कोई व्यवस्था नहीं है. इसकी वजह से स्थानीय लोग और आम नागरिक बिना किसी रोक-टोक के परिसर में घूमते रहते हैं. सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी स्थिति किसी भी अनहोनी की वजह बन सकती है. स्थानीय खिलाड़ियों, प्रशिक्षुओं और अभिभावकों ने अपील की है कि स्टेडियम की सुरक्षा, रखरखाव और संचालन व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं. उनका कहना है कि भविष्य की खेल प्रतिभाओं को सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण प्रदान करना बेहद आवश्यक है.

### रिकॉर्ड-रखरखाव शून्य, सुरक्षा पर सवाल

स्टेडियम में आने-जाने वालों का कोई रजिस्टर या रिकॉर्ड नहीं रखा जाता. यह स्थिति सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय है. प्रतिदिन यहां अभ्यास के लिए आने वाली लड़कियों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही है.



# जिला अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**रायसेन, 19 नवंबर. 15 से 21 नवंबर तक मनाए जा रहे नवजात शिशु सप्ताह के तहत रायसेन जिला अस्पताल में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस आयोजन में सीएमएचओ डॉ. एचएन मंडरे, सिविल सर्जन डॉ. यशपाल बाल्यान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक राय और डॉ. दिलीप मंडल सहित सभी नर्सिंग अधिकारी उपस्थित रहे.

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित माताओं से नवजात शिशुओं की देखभाल से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. इसमें स्तनपान (ब्रेस्टफीडिंग) और कंगारू मदर केयर (केएमसी) के महत्व पर विशेष जोर दिया गया.